भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 376

दिनांक 22 जुलाई, 2026 के लिए उत्तर

पशु चिकित्सा सेवाओं को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम

376. श्री सुभाष बरालाः
श्री मिथलेश कुमारः
डा. अनिल सुखदेवराव बोंडे:
श्री एस. सेल्वागनबेथीः
श्री घनश्याम तिवाड़ीः
श्री अशोकराव शंकरराव चव्हाणः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान पशु चिकित्सा और पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत करने के लिए मंत्रालय द्वारा कौन-कौन सी मुख्य पहलें शुरू की गई हैं;

(ख) क्या पशु चिकित्सकों और पैरा- पशु चिकित्सा पेशेवरों के लिए क्षमता-निर्माण कार्यक्रम शुरू किए गए हैं;

(ग) इन पहलों के अंतर्गत किन-किन पशु चिकित्सा संस्थानों और कर्मचारियों को शामिल किए जाने का प्रस्ताव है; और

(घ) पशु चिकित्सा अवसंरचना और सेवाओं को मज़बूत करने के लिए नियोजित वित्तीय परिव्यय का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) और (ख) पशुपालन राज्य का विषय है। हालांकि, भारत सरकारकापशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD)पशु चिकित्सा और पशु स्वास्थ्य सेवाओं से सुदृढ़ीकरण हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को निम्नलिखित सहायता उपलब्ध कराता है:

i. पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) योजना के अंतर्गत, पशुओं के चार प्रमुख रोगों, नामत: FMD, ब्रुसेलोसिस, पेस्टे डेस पेटिट्स रुमिनेंट्स (PPR) और क्लासिकल

स्वाइन फीवर (CSF) के टीकाकरण के लिए 100% केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

ii. LHDCP की पशु चिकित्सा अस्पतालों और औषधालयों की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण (ESVHD-MVU) योजना के अंतर्गत, MVUके संचालन के लिए राज्यों/संघ राज्यों को साझा आधार पर सहायता प्रदान की जाती है।इस योजना के अंतर्गत 29 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 4019 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों (MVU) को प्रचालनरत बनाया गया है।

iii. पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता (ASCAD) के अंतर्गत, राज्य प्राथमिकता वाले पशुधन रोगों की रोकथाम और नियंत्रण, रोग निदान प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण आदि के लिए साझा आधार पर सहायता प्रदान की जाती है।पशु रोगों के नियंत्रण के लिए राज्यों को सहायता (ASCAD) के अंतर्गत, राज्य प्राथमिकता वाले पशुधन रोगों की रोकथाम और नियंत्रण, रोग निदान प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण आदि के लिए साझा आधार पर सहायता प्रदान की जाती है।

iv. ICAR-NIVEDI ने राष्ट्रीय पशु रोग रेफरल विशेषज्ञ प्रणाली (NADRES_v2)विकसित की है जो जिला स्तर पर 2-3महीने पहले रोग के प्रकोप की आशंका की भविष्यवाणी कर सकती है।

(ग) LHDCP के ASCAD घटक के अंतर्गत, पशु चिकित्सकों और पैरा-पशु चिकित्सकों के प्रशिक्षण के लिए साझा आधार पर वित्तीय सहायता का प्रावधान है। वर्ष 2025-26 के दौरान इस क्रियाकलाप हेतु सभी राज्यों के लिए971.65 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

(घ) पशु चिकित्सा अवसंरचना और सेवाओं का सुदृढ़ीकरण राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आता है। हालांकि, भारत सरकार के पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD)ने भारत में पशु चिकित्सा अवसंरचना के न्यूनतम मानदंडों के लिए दिशानिर्देश तैयार किए हैं और इन्हें अपनाने तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भेजा गया है।

*****